<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>पंतनगर में अतिथि गृह (रूद्राक्ष भवन) का लोकार्पण</u>

पंतनगर। 22 मार्च 2021। विश्वविद्यालय में नवनिर्मित अतिथि गृह रूद्राक्ष भवन का लोकार्पण आज उत्तराखण्ड की महामहिम राज्यपाल, श्रीमती बेबी रानी द्वारा किया गया। इस अतिथि गृह का उपयोग विश्वविद्यालय में आये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षक एवं अतिथियों के लिए किया जाएगा। इस भवन में कुल 58 कमरे हैं जिसमें एक कक्षीय 52 तथा द्विकक्षीय 6 कमरे हैं। इसी क्रम में महामहिम राज्यपाल ने पंतनगर के ई–कन्टेंट पोर्टल का भी शुभारम्भ बटन दबाकर किया। इसके उपरान्त महामहिम राज्यपाल ने रूद्राक्ष भवन के प्रांगण में रूद्राक्ष पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, अधिष्ठाता कृषि, डा. एस. के. कश्यप, सहायक निदेशक निर्माण एवं संयंत्र, ई. एस.के. गोयल; निदेशक संचार, डा. एस.के. बंसल एवं अन्य वैज्ञानिक तथा अधिकारी उपस्थित थे।

रूद्राक्ष भवन का लोकार्पण करती महामहिम राज्यपाल, श्रीमती बेबी रानी मौर्य, कुलपति, डा. तेज प्रताप, अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप एवं अन्य अधिकारी।